भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 486

जिसका उत्तर दिनांक 06.02.2020 को दिया जाना है

मंत्रालय में रिक्तियाँ

486. श्री रेवती रमन सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) परमाणु ऊर्जा मंत्रालय में विभिन्न ग्रेडों में रिक्त पड़े पदों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल ही में इन पदों को भरने के लिए स्नातक इंजीनियरों, डिप्लोमा इंजीनियरों, 10वीं तथा 12वीं पास तथा आईटीआई प्रमाणपत्र धारक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) परमाणु ऊर्जा विभाग की संघटक इकाइयों में विभिन्न ग्रेडों/श्रेणियों में रिक्त पड़े पदों का विवरण निम्नलिखित है :

क्रम संख्या	ग्रेड/श्रेणियां	रिक्त पड़े पदों की संख्या
1.	वैज्ञानिक	528
2.	तकनीकी	4747
3.	प्रशासन / लेखा	482
4.	सहायक	2277
	कुल :	**8034**

(ख) तथा (ग) जी, हाँ । परमाणु ऊर्जा विभाग की संघटक इकाइयों द्वारा रिक्त पदों के विभिन्न ग्रेडों/श्रेणियों को भरने के लिए, संबंधित पदों के लिए अपेक्षित भर्ती मानकों के अनुसार स्नातक इंजीनियरों, डिप्लोमा इंजीनियरों, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण और आईटीआई सर्टिफिकेट प्राप्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । विवरण निम्नलिखित है :

क्रम संख्या	ग्रेड/श्रेणियां	पदों की संख्या के लिए जारी विज्ञापन
1.	वैज्ञानिक	61
2.	तकनीकी	676
3.	प्रशासन / लेखा	96
4.	सहायक	281
	कुल :	**1114**

*****